# **प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 09.07.2025**

- ❖ **साइबर ठग द्वारा शिकायतकर्ता को बताया गया कि तुम्हारे खाते मे गलती से मेरा पैसा चला गया है मेरा पैसा वापस कर दो, जिस पर आवेदक के खाते से 29,000/- रूपये ट्रांसफर करवाकर साइबर धोखाधड़ी की गयी।**
- ❖ **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 25,000/- को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री अंकित कुमार पुत्र चुन्नीलाल निवासी ग्राम जुगराजपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात के साथ दिनांक 23.05.2024 को साइबर ठगी की घटना कारित हुयी, जिसमें आवेदक के पास साइबर ठग का कॉल आया और उसके द्वारा बताया गया कि मुझसे गलती से तुम्हारे खाते में पैसे चले गये है मेरा पैसा वापस कर दो। जिस पर आवेदक से साइबर ठग के द्वारा अपने खाते से 29,000/- रूपये ट्रांसफर करवाकर साइबर ठगी की गयी। जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज करायी गयी। उक्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुए साइबर हेल्प डेस्क थाना शिवली पुलिस द्वारा कुल धनराशि ₹ 25,000/- शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराई गई। थाना शिवली पुलिस की कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए शिकायतकर्ता ने थाना शिवली पुलिस को धन्यवाद दिया।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे ।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

₹25,000/-

**धनराशि वापस कराने वाली टीम-**

थाना शिवली पुलिस